# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–161/2026*

### बिहार के सात राज्य विश्वविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से डिजिटल शिकायत निवारण व्यवस्था शुरू

**पटना 19 अगस्त, 2026** :– बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों में समर्थ ई–गवर्नेंस व्यवस्था के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है और इस क्रम में समर्थ पोर्टल के शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल को राज्य के सात विश्वविद्यालयों में सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है। इनमें आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना विश्वविद्यालय, पूर्णिया विश्वविद्यालय और तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय शामिल हैं। इन सभी विश्वविद्यालयों की आधिकारिक वेबसाइट पर शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल उपलब्ध हैं। विद्यार्थी, कर्मचारी और अन्य हितधारक इसके माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने कहा कि समर्थ के शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल का क्रियान्वयन विश्वविद्यालयों में शिकायत निवारण को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से शिकायत दर्ज होने के बाद उसके निपटारे की निगरानी भी व्यवस्थित रूप से की जा सकेगी।

उन्होंने संबंधित विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों से इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिकायतों के लिए डिजिटल माध्यम उपलब्ध होने से संबंधित लोगों को विश्वविद्यालय कार्यालयों में बार–बार जाने की आवश्यकता कम होगी।

उन्होंने बताया कि शेष विश्वविद्यालयों में भी शिकायत प्रबंधन मॉड्यूल लागू करने की प्रक्रिया चल रही है और वहाँ यह सुविधा 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि बिहार लोक भवन राज्य विश्वविद्यालयों में समर्थ को एक मजबूत और व्यापक डिजिटल प्रशासनिक व्यवस्था के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य विश्वविद्यालयी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह, तेज और विद्यार्थियों तथा अन्य हितधारकों के लिए सुविधाजनक बनाना है।

............................................